हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 4 जून 2025

9 डीए और वेतन आयोग का लाभ न देने के फैसले का किया विरोध



10 साइबर ठगों पर फतेहाबाद पुलिस ने कसा शिकंजा...



## खबर संक्षेप

### रिश्वतखोर पटवारी न्यायिक हिरासत में भेजा

**सिरसा।** जमीन के इंतकाल की एवज में दो हजार रुपये की रिश्वत लेते पकड़े गए पटवारी परमजीत को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी परमजीत बीती सोमवार शाम को रिश्वत लेते पकड़ा गया था। डीएसपी एंटी क्रप्शन अमित बैनीवाल ने बताया बताया कि आज आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 जुलाई को

**फतेहाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पंचकूला के सदस्य सचिव से निर्देशानुसार प्रदेश में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में 12 जुलाई को जिला में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन स्थानीय न्यायिक परिसर, उपमंडल रतिया व टोहाना न्यायिक परिसरों में किया जाएगा। हालसा के सदस्य सचिव के दिशा निर्देशानुसार जिला फतेहाबाद में जुलाई माह में द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत 12 जुलाई को लगाई जाएगी।

### लाखों की धोखाधड़ी के मामले में दो गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** कृषि भूमि खरीद-फरोख्त के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने के मामले में भूना पुलिस ने दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। आरोपियों की पहचान राममेहर पुत्र इन्द्र सिंह निवासी गांव बुगाना, जिला हिसार एवं रामकुमार पुत्र कर्मचंद निवासी गांव मंघेड़ा जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद दोनों आरोपियों को जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

### चोरीशुदा ट्रेक्टर सहित कुस्सर का ग्रामीण काबू

**रानियां।** पुलिस ने गांव कुस्सर निवासी एक व्यक्ति को चोरीशुदा ट्रेक्टर सहित गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने चोरीशुदा ट्रेक्टर बेचने के प्रयास के आरोप में महरोली निवासी बलविंद्र पुत्र धर्म सिंह के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सिपाही विजेंद्र सिंह की ओर से पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत में बताया कि उन्हें किसी मुखबीर से सूचना मिली कि गांव कुस्सर निवासी बलजीत पुत्र बलविंद्र सिंह चोरी के ट्रेक्टर बेचने का धंधा करता है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती की मौत

**डबवाली।** स्थानीय रेलवे क्वार्टर में सोमवार रात एक 24 वर्षीय युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान रेलवे ट्रैक मेंटेनर जुगनू की बेटी शिवानी के रूप में हुई है। परिजनों का कहना है कि युवती की मौत करंट लगने से हुई है। शव इन्वर्टर के पास पड़ा था और पास में युवती का भाई भी बेसुध हालत में मिला। बताया जा रहा है कि युवती के माता-पिता सब्जी खरीदकर वापस लौटने पर उन्होंने अपनी बेटी को बेहोश पाया।

### चार युवतियां लापता एफआईआर दर्ज

**फतेहाबाद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से चार युवतियों के लापता होने का समाचार है। सभी मामलों में परिजनों द्वारा सम्बंधित थानों में शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नं. 5 रतिया निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 19 साल की लड़की गत दिवस घर पर बिना बताए कहीं चली गई है और उसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब उसका कहीं कुछ पता नहीं चला तो उसने इस बारे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। दूसरे मामले में रतिया पुलिस ने गांव लाली निवासी एक महिला की शिकायत पर उसकी 17 साल 11 महीने की पोती के घर से लापता होने बारे केस दर्ज किया है।

---

## अस्पताल में बैड की क्षमता 200 से बढ़ाकर 450 की

# डेडलाइनः फरवरी 2026 तक पूरा होगा नए सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य

### इसी अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिए जाने की उठ रही मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद के हुडा सैक्टर 9 में बन रहा सिविल अस्पताल के निर्माण में हो रही लेटलतीफी के कारण इसकी डेडलाइन लगातार आगे बढ़ रही है। अब तक इसके निर्माण कार्य पूरा होने की डेड लाइन बढ़ाकर फरवरी 2026 कर दी गई है। इससे पूर्व इसे मार्च 2025 तक पूरा किया जाना था। यानि अब फतेहाबादवासियों को नए अस्पताल के लिए अगले साल तक ओर इंतजार करना पड़ेगा। खास बात यह भी है कि अब यह अस्पताल 200 बैड का नहीं, 450 बैड का होगा। इस अस्पताल में दो भवन बनाए जा रहे हैं। इनमें एक आठ मंजिला है जबकि दूसरा भवन चार मंजिला है। अस्पताल का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। अस्पताल के स्ट्रक्चर निर्माण का काम लगभग पूरा हो चुका है और फिनिशिंग का काम पेंडिंग है। इसके निर्माण पर कुल 156 करोड़ की लागत आएगी। यह भी बता दें कि इसी सिविल अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिए जाने की मांग उठ रही है। शहर के हुडा सेक्टर 9 में निर्माणाधीन अस्पताल की नई बिल्डिंग इस साल भी बनकर तैयार नहीं होगी। अभी तक अस्पताल के भवन निर्माण का कार्य लगभग पूरा हो चुका है लेकिन फिनिशिंग सहित अन्य काम होने अभी बाकी है। इस काम को पूरा करने में अभी भी 9 महीने का समय लगेगा। ऐसे में अस्पताल की बिल्डिंग के निर्माण की डेड लाइन को बढ़ाकर फरवरी 2026 कर दिया गया है।



**फतेहाबाद।** हुडा सैक्टर में चल रहा अस्पताल का निर्माण कार्य।

### धरातल पर प्रोजेक्ट सिरे चढने में लगे 20 साल

फतेहाबाद शहर में वर्तमान में 50 बैड का सरकारी अस्पताल है जोकि 1982 में भजनलाल सरकार द्वारा बनाया गया था। मौजूदा जनसंख्या और अस्पताल में आने वाले मरीजों की संख्या के हिसाब से यह काफी छोटा है। ऐसे में लोग लंबे समय से नए अस्पताल की मांग कर रहे थे। वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने फतेहाबाद में 100 बेड का अस्पताल बनाने की घोषणा की थी। वर्ष 2011 में जब तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह जब दोबारा फतेहाबाद में आए, तो उन्होंने इस घोषणा को दोहराया। इसी बीच इस योजना पर काम भी शुरू हो गया। हुडा के सेक्टर नौ में सिविल अस्पताल के लिए जगह भी प्रस्तावित कर दी गई। यहां तक कि सिविल अस्पताल ने नई बिल्डिंग का नक्शा बनाकर हुडा विभाग को भी भेज दिया। 30 दिसंबर 2014 को फतेहाबाद में आए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने भी 100 बिस्तर के अस्पताल की घोषणा की। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की नई गाइडलाइन के मुताबिक इसे 200 बिस्तर का कर दिया गया। अब इसे बढ़ाकर 450 बैड का कर दिया गया है जोकि फरवरी 2026 तक पूरा होगा।

### 2022 में शुरू हुआ था अस्पताल का निर्माण

बता दें कि फतेहाबाद के हुडा सैक्टर 9 में नए सिविल अस्पताल की नई बिल्डिंग का निर्माण वर्ष 2022 में शुरू हुआ था। शुरू में इसके निर्माण को लेकर वर्ष 2024 डेड लाइन रखी गई थी। कंपनी को वर्ष 2024 में निर्माण पूरा करना था, लेकिन स्वास्थ्य विभाग की तरफ से अस्पताल के प्लान में बार-बार फेरबदल के चलते निर्माण कार्य में लगातार विलंब होता गया। स्वास्थ्य विभाग बार-बार लोक निर्माण विभाग से निर्माण को लेकर स्टेटस रिपोर्ट भी ले रहा है। 18 एकड़ में बन रहे इस अस्पताल में पहले 200 बैड की क्षमता रखी गई थी लेकिन बाद में स्वास्थ्य विभाग ने इसकी क्षमता बढ़ाकर 400 बैड करने की तैयारी की लेकिन अब इसे 400 से भी बढ़ाकर 450 बैड कर दिया गया है। ऐसे में माना जा रहा है कि अगर सरकार इस अस्पताल को मेडिकल कॉलेज का दर्जा देने की घोषणा करती है तो यह अस्पताल उन सभी नियमों पर खरा उतरेगा और सरकार के भी करोड़ों रुपये बचेंगे।

### 8 मंजिला होगी मुख्य बिल्डिंग

नए सिविल अस्पताल में दो बिल्डिंगों का निर्माण कार्य करवाया गया है। मुख्य बिल्डिंग आठ मंजिला होगी जबकि दूसरी बिल्डिंग चार मंजिला होगी। यहां पर मरीजों के लिए निजी अस्पतालों जैसे प्राइवेट कक्ष भी होंगे। चार मंजिला बिल्डिंग में ओपीडी ब्लॉक होगा। पूरे ब्लॉक में ओपीडी कक्ष होंगे। स्वास्थ्य विभाग सरकारी अस्पताल में आने वाली मरीजों की संख्या और सुरक्षा को देखते हुए ओपीडी ब्लॉक को अलग से बना रहा है। इसी ब्लॉक में आखिरी मंजिल पर आयुष विभाग की ओपीडी और कार्यालय होगा।

### नए भवन में बनाया जा रहा आधुनिक आईसीयू

नए अस्पताल भवन में बड़ा ही आधुनिक टैक्नीक से आईसीयू बनाया जा रहा है। यह आईसीयू अस्पताल के मुख्य प्रवेश गेट के पास ही बनाया गया है ताकि गंभीर हालत में आने वाले मरीजों को तुरंत चिकित्सा मिल सके। इसके अलावा नए अस्पताल परिसर में मेडिकल स्टाफ के लिए जहां 21 क्वार्टर बनाए गए हैं वहीं अस्पताल में काम करने वाले स्टाफ के लिए भी 28 क्वार्टरों का निर्माण किया गया है। अस्पताल में ही क्वार्टर बनने से आपातकालीन स्थिति में मरीजों को चिकित्सकों के आने का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

### स्ट्रक्चर का काम पूरा, फिनिशिंग बाकी

अस्पताल में स्ट्रक्चर का काम पूरा हो चुका है। अब फिनिशिंग का कार्य रह गया है। पहले इस अस्पताल निर्माण की डेडलाइन मार्च 2025 थी लेकिन अब इसे बढ़ाकर फरवरी 2026 कर दिया गया है। अब यह अस्पताल 200 की बजाय 450 बैड की क्षमता का है।

**-गजेन्द्र सिंह**, एसडीओ
लोक निर्माण विभाग फतेहाबाद

---



**टोहाना।** रोड जाम करते ग्रामीण। *फोटो: हरिभूमि*

## नहर में डूबे बालक की तलाश जारी

# पानी न रोकने से खफा ग्रामीणों ने लगाया जाम

- बुआ के घर छुट्टियां बनाने आया था 13 वर्षीय जतिन
- रतिया ब्रांच नहर के धारसूल पुल के पास नहाते समय पानी में बहा

हरिभूमि न्यूज ⏭टोहाना

नहर में डूबे 13 साल के बच्चे की घटना को प्रशासन द्वारा गंभीरता से न लेने से खफा कुलां के ग्रामीणों ने मंगलवार को रोड जाम कर नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शन कर रहे लोग नहर में पानी का बहाव कम करने की मांग कर रहे थे। रोड जाम के कारण सड़क के दोनों ओर यातायात अवरूद्ध हो गया और वाहनों की लाइनें लग गई। जाम की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को समझा कर जाम खुलवाया। बता दें कि कैथल के बलराज नगर निवासी 13 वर्षीय जतिन अपनी बुआ के घर छुट्टियां बिताने आया था। सोमवार शाम को जतिन अपने दोस्तों के साथ रतिया ब्रांच नहर के धारसूल पुल के पास नहा रहा था। तेज बहाव में बह जाने से वह लापता हो गया। स्थानीय लोगों और पुलिस ने रात में गोताखोरों की मदद से तलाश की, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने सोमवार शाम को ही सिंचाई विभाग से नहर का पानी बंद करने को कहा था। मंगलवार सुबह पानी कुछ कम हुआ, लेकिन फिर से छोड़ दिया गया। इससे नाराज होकर दोपहर करीब डेढ़ बजे बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कुलां के मुख्य चौक पर जाम लगा दिया। वहीं चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नहर का पानी कम कराने का आश्वासन दिया। करीब सवा घंटे की समझाइश के बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया।

---

# मुख्य बाजार में हटाया अतिक्रमण

- मेन बाजार, मुख्य मार्ग और भीड़भाड़ वाले इलाकों में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भूना

नगर पालिका ने मंगलवार को शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। यह कार्रवाई मेन बाजार, मुख्य मार्ग और भीड़भाड़ वाले इलाकों में की गई। दुकानों के आगे फैले सामान को हटाया गया। कुछ सामान जब्त भी किया गया। यह अभियान नगर पालिका सचिव दीपक कुमार, भूप सिंह और सफाई दरोगा सोनू की निगरानी में चला। दुकानदार लंबे समय से दुकानों के आगे सामान रखकर रास्ता घेर रहे थे। इससे पैदल चलने वालों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही थी। नगर पालिका की टीम ने दुकानों के बाहर से सामान हटवाया। कई दुकानदारों ने विरोध किया। कर्मचारियों से बहस भी हुई। प्रशासन ने साफ किया कि यह कार्रवाई जनहित में है। अब किसी को छूट नहीं मिलेगी। अभियान खत्म होते ही कुछ दुकानदारों ने फिर से सामान बाहर रख दिया। इससे नगर पालिका की कार्रवाई पर सवाल उठे। लोगों ने आरोप लगाया कि यह अभियान सिर्फ औपचारिकता बनकर रह गया है। उनका कहना है कि यदि यह अभियान नियमित रूप से चले तो शहर की हालत सुधर सकती है।




**भूना।** नगर पालिका की टीम शहर में अवैध कब्जे हटाते हुए *फोटो: हरिभूमि*

# मताना में ग्राम सचिवालय के निर्माण की मांग

- कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी से मिले सरपंच

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

गांव मताना में विकास कार्यों में तेजी लाने और ग्राम सचिवालय के निर्माण की मांग को लेकर सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट ने महिला एवं बाल विकास व सिंचाई मंत्री तथा फतेहाबाद लोक संपर्क एवं जनपरिवाद समिति की अध्यक्ष श्रुति चौधरी से मुलाकात की और मांग पत्र सौंपा। श्रुति चौधरी ने मताना सरपंच से उनकी मांगों को लेकर विस्तार से चर्चा की और इन सभी मांगों को जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया। इस पर सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट ने कैबिनेट मंत्री का आभार जताया। शहर की सीमा से सटे गांव मताना के सरपंच दलबीर वर्मा ने बताया कि गांव के पंचायत घर की बिल्डिंग की हालत वर्तमान में बेहद खस्ता है। इसको ग्राम पंचायत द्वारा कंडम घोषित किया जा चुका है। ऐसे में पंचायत घर की बिल्डिंग न होने के कारण गांव के विकास कार्य बाधित हो रहे हैं। विकास कार्यों को लेकर ग्राम पंचायत की बैठक हो या कोई अन्य सरकारी कार्यक्रम, पंचायत को सभी कार्यक्रम शैड के नीचे बैठकर करने पड़ते हैं। कई बार तो अत्याधिक गर्मी, धूप, सर्दी, बारिश और तूफान में मीटिंग या कार्यक्रम को रद्द तक कर दिया जाता है। उन्होंने कैबिनेट मंत्री से मांग की कि गांव मताना में ग्राम सचिवालय का जल्द निर्माण करवाया जाए।



**फतेहाबाद।** कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी को ज्ञापन सौंपते गांव मताना के सरपंच दलबीर वर्मा एडवोकेट। *फोटो: हरिभूमि*

### दिया आश्वासन

सरपंच ने बताया कि इसको लेकर पंचायत द्वारा प्रस्ताव भी पारित किया जा चुका है। लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा द्वारा इस मामले में सरपंच को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया जा चुका है। दलबीर वर्मा ने कहा कि कैबिनेट मंत्री श्रुति चौधरी ने उन्हें आश्वासन दिया है कि वह इस मामले को लेकर सरकार व जिला अधिकारियों से बातचीत करेंगी और जल्द ही इन समस्याओं का समाधान करवाया जाएगा।

---



**फतेहाबाद।** नगर परिषद् की बैठक में मौजूद प्रधान व पार्षद।

# बस स्टैंड से गांव धांगड़ तक स्ट्रीट लाइटें लगाने का फैसला

- नप की हाउस मीटिंग में शहर के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

फतेहाबाद नगर परिषद की मंगलवार को हुई हाउस मीटिंग में शहर के विकास को लेकर कई महत्वपूर्ण मुद्दों के साथ साथ जिला पुस्तकालय का मुद्दा भी हावी रहा। बैठक में सर्वसम्मति से शहर में ही लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव पास किया गया। प्रस्ताव को जिला उपायुक्त को भेजकर उनसे मांग की जाएगी कि जिला पुस्तकालय का निर्माण शहर के बीच ही सही जगह पर करवाया जाए। इसके अलावा जिला पुस्तकालय को तब तक अस्थाई रूप से नए बस स्टैंड की बजाय शहर में ही शिफ्ट किया जाए। इसके अलावा नगर परिषद की दशकों से चल रहे अपने बाल भवन में बाल पुस्तकालय का पुनर्निर्माण करने का भी प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में कई पार्षदों ने सफाई व्यवस्था को लेकर शिकायत उकी कि शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और सफाई कर्मचारी नियमित रूप से अपना काम नहीं कर रहे हैं, जिससे नागरिकों को परेशानी हो रही है और बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। जिस पर यह प्रस्ताव आया कि शहर में सफाई व्यवस्था, अतिक्रमण आदि के लिए पार्षदों की समिति बनाकर उन्हें जोड़ा जाए। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पास करके मिनी बायपास,बिघड़ रोड पर डी ए वी स्कूल तक, हिसार रोड पर बस स्टैंड से गांव धांगड़ तक स्ट्रीट लाइटे लगाने का फैसला भी किया गया।

# मतुवाला में घी फैक्ट्री पर छापेमारी

- सीएम फ्लाइंग की अगुवाई में खाद्य विभाग ने लिए सात सेंपल

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

गुप्तचर इकाई की सूचना के बाद सीएम फ्लाइंग की टीम ने खाद्य विभाग के साथ रानियां थाना क्षेत्र के गांव मतुवाला स्थित घी फैक्ट्री पर औचक छापेमारी की। टीम का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग के सब इंस्पेक्टर जितेंद्र ढिल्लो कर रहे थे। जबकि खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. गौरव छाबड़ा के साथ गुप्तचर इकाई की टीम भी मौजूद थी। जानकारी के अनुसार टीम ने घी फैक्ट्री से दूध, दही, घी, पनीर, मक्खन के सात सेंपल लिए है, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। लैब की रिपोर्ट के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। टीम ने सिहाग घी फैक्ट्री के दस्तावेजों की भी पड़ताल की। समाचार लिखे जाने तक टीम की कार्रवाई जारी थी।



**सिरसा।** मौके पर जांच करती सीएम फ्लाइंग टीम। *फोटो: हरिभूमि*

### आईटीआई में 6 से 20 जून तक होंगे दाखिले

**फतेहाबाद।** हरियाणा कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने राज्य में स्थित सभी राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में चलाए जा रहे विभिन्न इंजीनियरिंग तथा गैर-इंजीनियरिंग व्यवसायों में सत्र 2025-26 के दाखिले हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। ऑनलाइन आवेदन विभागीय वेबसाइट पर 6 जून से 20 जून तक स्वीकार किए जाएंगे। उपायुक्त ने बताया कि दाखिला संबंधी विस्तृत दिशा निर्देशों बारे विवरण पत्रिका, संस्थानों की सूची एवं संस्थानवार सीटों बारे सूचना उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## अधिकारियों की लापरवाही के कारण लोगों को हो रही परेशानी

# भट्टू में सफाई व्यवस्था ठप, लगे कूड़े के ढेर

- पिछले लगभग तीन माह से यहां न तो कोई सफाई कर्मी आया और न ही सफाई की जा रही

हरिभूमि न्यूज ⏭भट्टूकलां

भट्टू में इन दिनों हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की लापरवाही के कारण जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और लोगों को नरकीय जीवन जीने को मजबूर होना पड़ रहा है। हिसार रोड, मॉडल टाऊन, सैक्टर सहित अन्य कई स्थानों पर सफाई व्यवस्था पिछले 3 महीनों से ठप्प पड़ी है, जिससे लोगों में काफी रोष है। भट्टू निवासी राय सिंह, हवा सिंह, पवन वर्मा, देवीलाल साई, संजय गोयल आदि लोगों ने बताया कि विभाग द्वारा यहां पर सफाई व्यवस्था के लिए पहले कर्मचारी नियुक्त किए गए थे, लेकिन पिछले लगभग तीन माह से यहां न तो कोई सफाई कर्मी आता है तथा न ही सफाई की जा रही हैं। जगह-जगह कूड़े के ढेर बदबू मार रहे है, जिस कारण कभी भी यहां कोई बीमारी फैल सकती है। इन लोगों ने बताया कि कभी-कभी दुकानदार स्वयं अपनी दुकानों के आगे से सफाई तो कर लेते है, परंतु कचरा ढेर के रूप में वहीं पड़ा रहता है। इस बारे में विभाग के कर्मचारियों को कई बार अवगत करवा चुके परंतु स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। इस बारे में सफाई कर्मचारी सूरज ने बताया की विभाग द्वारा यहां पर सात कर्मचारी पिछले वित्त वर्ष में सात हजार रुपए महीना लगाए थे परंतु उन्हें भी नवम्बर माह से वेतन नहीं दिया गया है, जिस कारण काम बंद पड़ा है। इस बारे विभाग के कनिष्ठ अधिकारी चंद्रभान से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सफाई के लिए बजट की फाइल उच्च अधिकारी के तबादले के कारण अटकी पड़ी है। बजट पास होते ही सफाई कर्मचारियों को भुगतान कर दिया जाएगा।



**भट्टूकलां।** जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर। *फोटो: हरिभूमि*



# खतरनाक अंदाज में दिखे राजकुमार राव

**मुंबई।** राजकुमार राव की एक्शन फिल्म मालिक का टीजर मंगलवार को जारी हो गया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राजकुमार खून बहाते नजर आए हैं। अलग-अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजकुमार राव अब फुल एक्शन मोड में मालिक बनकर आ रहे हैं। टीजर में राजकुमार राव के दो लुक दिखे हैं। एक में वो बड़ी दाढ़ी और बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। जबकि एक लुक में वो बड़े बालों के साथ क्लीन शेव में दिख रहे हैं। मालिक के जरिए राजकुमार राव 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' के साथ एक्शन जॉनर में लौटे हैं।1 मिनट 21 सेकेंड के इस टीजर में राजकुमार राव काफी खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। राजकुमार राव का ये खतरनाक अंदाज इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला है।

## लाइफ Style

# धनश्री

## एक बार फिर प्यार करने के लिए हैं तैयार

हाल ही में कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा और क्रिकेटर युजवेंद्र चहल का तलाक हुआ है। तलाक के बाद युजवेंद्र चहल अपने कॅरियर पर फोकस कर रहे हैं, साथ ही अफवाहें हैं कि वह आरजे महवश को डेट कर रहे हैं। धनश्री वर्मा भी अपने कॅरियर पर फोकस कर रही हैं। हालांकि, वह अब प्यार की तलाश कर रही हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में धनश्री ने इस बात का खुलासा किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

एक बातचीत में धनश्री वर्मा ने अपने करियर और प्यार के बारे में बताया है। धनश्री वर्मा से पूछा गया कि क्या वह दोबारा प्यार करने के लिए तैयार हैं या अपने कॅरियर पर फोकस करने के बारे में सोच रही हैं? इस पर उन्होंने जवाब दिया कि तलाक के बाद एक बार फिर प्यार करने के लिए तैयार हैं। बातचीत में धनश्री वर्मा ने कहा 'मैं हमेशा से अपने लक्ष्य पर ध्यान देती हूं। चाहे डेंटिस्ट के तौर पर मेरा काम हो या फिर अब एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में मेरी चीजें हों। जब मैंने डांसिंग में अपना करियर बदला था, अपनी अकादमी खोली, कोरियोग्राफ करना शुरू किया, वायरल वीडियो बनाई, तब भी मेरा नजरिया इसी तरह का था।

मुझे लगता था कि मेरी क्लास बेस्ट होनी चाहिए। ये तभी हो सकता था जब मैं ध्यान से काम करूं।' धनश्री ने आगे कहा 'फिर से प्यार करने की बात करें तो आप इन चीजों को प्लान नहीं कर सकते। आप पहले से यह तय नहीं कर सकते कि मैं आज से एक साल बाद प्यार में पड़ूंगी। प्यार एक बहुत अलग चीज है। मेरे लिए सबसे ज्यादा जरूरी ये है कि मैं अपनी जिंदगी में आगे क्या करना चाहती हूं। फिलहाल मैं अपने काम पर ध्यान दे रही हूं। मैं खुद को बेहतरीन तरीके से प्रेजेंट करने पर ध्यान दे रही हूं।' दोबारा प्यार करने के सवाल पर धनश्री ने कहा- 'नसीब में अच्छा लिखा है तो क्यों नहीं?



## हॉलीवुड मसाला



### गोलियों से छलनी मिली जोनाथन

# जोस की लाश

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से एक चौंकाने वाली और दुखद खबर सामने आई है। मशहूर अभिनेता और 'किंग ऑफ द हिल' में जॉन रेडकॉर्न की आवाज देने वाले जोनाथन जोस की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। अमेरिका के सैन एंटोनियो शहर में हुई इस घटना ने फिल्म और टेलीविजन इंडस्ट्री को झकझोर कर रख दिया है। 59 वर्षीय अभिनेता की मौत रविवार शाम को उस वक्त हुई जब उनका अपने पड़ोसी से किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। बहस इतनी बढ़ गई कि आरोपी ने गुस्से में आकर फायरिंग कर दी, जिसमें जोनाथन को कई गोलियां लगीं और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बता दें जोनाथन जोस का कॅरियर हॉलीवुड में बेहद सराहनीय रहा। उन्होंने एनिमेटेड सीरीज 'किंग ऑफ द हिल' के दूसरे सीजन से लेकर तेरहवें सीजन तक जॉन रेडकॉर्न की आवाज दी थी।




# रैपर डिडी पर पीड़िता ने लगाया गंभीर आरोप

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी म्यूजिक इंडस्ट्री के जाने-माने रैपर और बिजनेसमैन सीन 'डिडी' कॉम्ब्स इन दिनों यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोपों में घिरे हुए हैं। मामले की सुनवाई अमेरिका की एक संघीय अदालत में चल रही है, जहां अब डिडी की पूर्व पर्सनल असिस्टेंट ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। मिया का दावा है कि डिडी ने उनके साथ कई बार शारीरिक शोषण किया, लेकिन फिर भी उन्होंने सालों तक उन्हें भावनाओं में बहकर पॉजिटिव मैसेज भेजे। जब डिफेंस वकील ने इसे लेकर सवाल उठाया, तो मिया ने कहा कि वो उस समय 'ब्रेनवॉश' यानी मानसिक रूप से कंट्रोल में नहीं थीं। उन्होंने ये भी बताया कि डिडी के साथ काम करते समय उन्हें कभी बेहद खास और ऊंचे लम्हों का अहसास होता था, तो कभी बेहद अपमानजनक और डरावने अनुभव होते थे। वकील ब्रायन स्टील ने मिया से सवाल किए कि उन्होंने एक बार सपने में डिडी को खुद को रेस्क्यू करते देखा, जबकि वो वही व्यक्ति हैं जिन पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया गया है। इस पर मिया का जवाब था कि उनका मानसिक संतुलन और भावनात्मक स्थिति उस समय इतनी उलझी हुई थी कि वो सही-गलत की पहचान खो चुकी थीं।



# सैयारा में लॉन्च हो रहे दो नए संगीतकार

**मुंबई।** यशराज फिल्म्स की अगले महीने रिलीज होने जा रही फिल्म सैयारा का शीर्षक गाना मंगलवार को ऑन लाइन रिलीज हुआ तो लोगों न सिर्फ इसमें एक खनकती हुई नई आवाज सुनाई दी, बल्कि इस गाने ने यशराज फिल्म्स की संगीत परंपरा में भी एक नया और जोशीला अध्याय जोड़ने की कोशिश की। मोहित सूरी की मानें तो वह पिछले पांच साल से इस फिल्म के गानों पर मेहनत करते रहे हैं। 'सैयारा' के टाइटल ट्रैक के साथ दो प्रतिभाशाली कश्मीरी कलाकारों की भी हिंदी सिनेमा में एंट्री हो रही है। मोहित बताते हैं, इस ट्रैक के माध्यम से हम फहीम अब्दुल्ला और अर्सलान निजामी को लॉन्च कर रहे हैं। ये दोनों दो बेहद टैलेंटेड कंपोजर और सिंगर है। टाइटल गाने को तनिष्क बागची ने कम्पोज किया है, जिनका मैं आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझे फहीम और अर्सलान से मिलवाया।



# धूम 4 को अयान मुखर्जी करेंगे निर्देशित

**मुंबई।** आदित्य चोपड़ा प्रोड्यूस धूम सीरीज की फिल्मों के डायरेक्टर बदले रहे हैं। पिछली फिल्मों को अलग-अलग निर्देशकों ने बनाया था। अब धूम 4 के लिए भी एक नए डायरेक्टर का नाम सामने आ रहा है। प्रोड्यूसर आदित्य चोपड़ा और राइटर श्रीधर राघवन ने फिल्म 'धूम 4' की स्क्रिप्ट पर काम कर लिया है। यह जानकारी प्रोडक्शन हाउस के एक करीबी सूत्र ने साझा की है। इस फिल्म में रणबीर कपूर लीड रोल में होंगे। रणबीर कपूर के अलावा बाकी कास्टिंग पर अभी काम चल रहा है। इसी बीच अयान मुखर्जी का नाम फिल्म के डायरेक्टर के तौर पर सामने आया है। रणबीर कपूर और अयान मुखर्जी अच्छे दोस्त हैं। एक साथ कई फिल्में कर चुके हैं। इसमें वेक अप सिड, ये जवानी है दीवानी और ब्रह्मास्त्र शामिल हैं। ये सभी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं।

## टीवी मसाला

# ड्रामा, गड़बड़ी और तबाही से अब मच गया है हंगामा




**मुंबई।** जब ताकतवर, गुस्सैल और खतरनाक राणा टकराता है शाना सुनील ग्रोवर से, तब होता है असली धमाका! एक ऐसा क्रॉसओवर जिसे किसी ने सोचा भी नहीं था, नेटफ्लिक्स ने एक मजेदार वीडियो रिलीज किया जिसमें राणा दग्गुबती और सुनील ग्रोवर साथ नजर आ रहे हैं और यह वीडियो पूरी तरह से हंगामाखेज है। राणा नायडू की अंधेरी, गंभीर और सख्त दुनिया में अचानक सुनील ग्रोवर की पागलपंती की जबरदस्त एंट्री हो जाती है। और राणा? वो तो बिल्कुल भी तैयार नहीं था। सुनील ग्रोवर, जो कभी भी चुपचाप एंट्री नहीं करते, उन्होंने कहा, 'राणा दग्गुबती और मैं एक ही फ्रेम में? मुझे भी यकीन नहीं हुआ। राणा नायडू की दुनिया बेहद गंभीर, जबरदस्त पॉवर मूव्स, पारिवारिक ड्रामा, एक्शन से भरी हुई है फिर मैं अपनी मस्ती और हंगामे के साथ उसमें एंट्री करता हूं। जैसे ही नेटफ्लिक्स ने मुझे ये आइडिया बताया, मुझे पता था कि यह एकदम पागलपन भरा, लेकिन मजेदार अनुभव होगा। जो कुछ हमने शूट किया वो वाकई में बेमिसाल, अनोखा और बहुत ज्यादा मजेदार था। ऐसा लग रहा था जैसे दो बिल्कुल अलग दुनिया आपस में टकरा रही हों और फिर हर चीज में मेल बैठ गया। राणा नायडू सीजन 2 ड्रामा तो लाएगा ही और साथ में थोड़ी सी पागलपंती भी!'

## विभू राघव के अंतिम संस्कार में पहुंचे सितारे

**नई दिल्ली।** मशहूर टीवी स्टार विभू राघव का दो जून को मुंबई में निधन हो गया है। वह 'निशा और उसके कजिन्स' के लिए सबसे ज्यादा जाने जाते हैं। उनके निधन से पूरा टीवी जगत सदमे में है। एक्टर काफी दिनों से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। उनका कैंसर चौथे स्टेज में पहुंच चुका था। अब उनका अंतिम संस्कार हुआ है। उनके अंतिम संस्कार पर कई टीवी स्टार पहुंचे हैं और उन्हें श्रद्धांजलि दी है। विभू राघव के अंतिम संस्कार के वक्त उनकी मां की हालत काफी बुरी रही। रो-रो कर उनका बुरा हाल है। उनकी फैमिली उनको संभालते हुए दिख रही है। उनके अंतिम संस्कार में नकुल मेहता, मोहित मलिक, मोहसिन खान, अनेरी वजानी और अंजलि आनंद पहुंचे। स्टार्स ने विभू को नम आंखों से विदाई दी। अभिनेत्री सौम्या टंडन ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए विभू राघव को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने लिखा है 'मेरे खूबसूरत दोस्त विभू राघव अब फरिश्तों के साथ हैं। कल रात हमें छोड़कर चले गए। विभु तुम खूबसूरत थे। अंदर और बाहर से। तुमने मुझे सिखाया कि जब सब कुछ बिखर रहा हो, तब भी कैसे मुस्कुराना है। जब दुनिया में अंधेरा हो, तब कैसे रोशनी को थामे रखना है।



# धुरंधर के सेट से रणवीर-संजय का लीक हुआ वीडियो




**मुंबई।** रणवीर सिंह की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म धुरंधर से उनका और संजय दत्त का लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। रणवीर का यह लुक उनकी पुरानी फिल्म पद्मावत में अलाउद्दीन खिलजी के किरदार की याद दिलाता है। वहीं, संजय का लुक भी काफी दमदार नजर आया। मंगलवार को सोशल मीडिया पर फिल्म 'धुरंधर' का एक बिहाइंड-द-सीन वीडियो लीक हुआ है। इस वीडियो में रणवीर सिंह लंबे बाल और खास अंदाज में अपनी वैनिटी वैन से सेट की ओर जाते दिखे। उनका लुक कुछ-कुछ उनकी फिल्म 'पद्मावत' के किरदार खिलजी से मेल खाता नजर आया। वहीं, इसी वीडियो में संजय दत्त भी नजर आए। संजय सफेद पठानी कुर्ता और शॉल में खड़े दिखाई दिए। इस फिल्म में संजय दत्त और रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन, अक्षय खन्ना और अर्जुन रामपाल भी नजर आएंगे। धुरंधर को उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के निर्देशक आदित्य धर बना रहे हैं। इस फिल्म की घोषणा जुलाई 2024 में की गई थी। रणवीर ने इस फिल्म की घोषणा के साथ इंस्टाग्राम पर लिखा था, यह मेरे फैंस के लिए है। यह एक खास सिनेमाई अनुभव होगा। इस बार, यह व्यक्तिगत है।

# लता ने बाथरूम में गाया था 'जब प्यार किया तो डरना क्या'

## बड़ी खास थी वजह, रिजेक्ट हो चुके थे 105 गाने





**नई दिल्ली।** साल था 1960। थिएटर में एक फिल्म आई, जिसने हिंदी सिनेमा की परिभाषा ही बदल दी। नाम था – मुगल-ए-आजम। दिलीप कुमार, मधुबाला और पृथ्वीराज कपूर जैसे बड़े स्टार्स की ये फिल्म अपने शानदार सेट्स, दमदार डायलॉग्स और दिल छू लेने वाले गानों के लिए आज भी याद की जाती है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इस फिल्म का सबसे फेमस गाना 'जब प्यार किया तो डरना क्या' कितनी मेहनत से बना था? इस गाने को लिखने से पहले 105 गाने रिजेक्ट हो चुके थे। फिर कहीं जाकर इस गाने के बोल फाइनल हुए। इसे लिखने में ही 100 घंटे से ज्यादा का वक्त लग गया था। गाने की रिकॉर्डिंग भी आम नहीं थी। संगीतकार नौशाद और गायिका लता मंगेशकर चाहते थे कि आवाज में एक खास गूंज हो, जो स्टूडियो में नहीं मिल पा रही थी। इसलिए, लता जी ने ये गाना बाथरूम में खड़े होकर रिकॉर्ड किया। जी हां, बाथरूम की गूंज को माइक में कैद किया गया और वहीं से निकला वो जादू, जो आज तक सबके दिलों में बसा है।

### 10 लाख थी गाने की लागत

*इस गाने को शूट करने के लिए एक शीशे का भव्य सेट तैयार किया गया था। जिसकी लागत थी करीब 10 लाख रुपए – उस दौर में ये रकम बेहद बड़ी मानी जाती थी। सिर्फ सेट पर ही 2 लाख खर्च हो गए थे। डायरेक्टर के.आसिफ इस गाने को परफेक्ट बनाना चाहते थे, और उन्होंने कोई समझौता नहीं किया।*

### 14 साल लगे मुगल-ए-आज़म को बनने में

*मुगल-ए-आजम को बनने में 14 साल लगे। बीच में प्रोड्यूसर बदल गए, पैसे की कमी आई, लेकिन आसिफ साहब ने हार नहीं मानी। आज भी जब कहीं 'जब प्यार किया तो डरना क्या' ये गाना बजता है, तो सिर्फ एक गाना नहीं, बल्कि सिनेमा के पीछे का जुनून और शिद्दत गूंजती है।*

# 77 करोड़ रुपए का कलेक्शन, अमिताभ को मिली सिर्फ 1 रुपए फीस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड की चकाचौंध भरी दुनिया में शोहरत और दौलत हमेशा साथ-साथ चलती है। स्टार जितना बड़ा होता है, उसकी तनख्वाह भी उतनी ही ज्यादा होती है। आमतौर पर देखा जाता है कि बड़े एक्टर्स एक फिल्म के लिए करोड़ों रुपए लेते हैं, जो उनकी प्रतिभा, स्टारडम और फिल्म में उनकी मौजूदगी के लिए दी जाने वाली फीस होती है। लेकिन, शायद ही कभी हमें ऐसी कहानी सुनने को मिलती है, जिसमें स्टार्स ने पैसे को पीछे छोड़ दिया हो और अपने रिश्ते को प्राथमिकता दी है। ऐसी ही एक कहानी बॉलीवुड के सबसे बड़े नाम शहंशाह अमिताभ बच्चन की है।

## बिग-बी ने पैसे को पीछे छोड़ अपने रिश्ते को दी प्राथमिकता



### पहले मांगी मुंहमांगी रकम और अगली फिल्म में सिर्फ 1 रुपए

*लेकिन, इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह थी कि एक ऐसी दुनिया में जहां स्टार्स अपनी तनख्वाह के लिए मोल-तोल करते हैं, वहीं अमिताभ बच्चन ने सिर्फ 1 रुपए लिए। और, इस इशारे के पीछे की वजह भी उतनी ही दिल को छू लेने वाली है। उस समय यश चोपड़ा और अमिताभ बच्चन ने फिल्म सिलसिला में साथ काम किया था। यश चोपड़ा ने दिग्गज अभिनेता अमिताभ से पूछा था कि उन्हें कितना पैसा चाहिए। इस सवाल पर बिग बी ने जवाब दिया, 'मुझे और चाहिए, क्योंकि मैं एक घर खरीदना चाहता हूं।' उनकी इच्छा का पालन करते हुए, यश चोपड़ा ने उन्हें उसी हिसाब से भुगतान करना सुनिश्चित किया। अगली बार जब यश चोपड़ा ने मोहब्बतें के लिए अमिताभ से यही सवाल पूछा, तो उन्होंने कहा, 'आपने मुझे पिछली बार जो मांगा था, वो दे दिया। इस बार मैं फिल्म के लिए सिर्फ 1 रुपए लूंगा।'*

### फिल्म ने बजट से 4 गुना ज्यादा कमाया

यह फिल्म 19 करोड़ रुपए के भारी भरकम बजट पर बनी थी और इसने अपनी लागत से 4 गुना ज्यादा यानी दुनिया भर में 77 करोड़ रुपए की कमाई की। यह फिल्म न सिर्फ व्यावसायिक रूप से सुपरहिट रही, बल्कि इसने अमिताभ जैसे अभिनेताओं की कई पीढ़ियों को उस समय के उभरते सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ एक साथ ला खड़ा किया। आज भी अमिताभ बच्चन दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाए हुए हैं। हिंदी फिल्म सिनेमा में उनका योगदान बेमिसाल है और आज भी वे बॉलीवुड इंडस्ट्री के सबसे मशहूर और सम्मानित अभिनेताओं में से एक हैं। आज भले ही वे काफी ज्यादा पैसे लेते हों, लेकिन मोहब्बतें के लिए सिर्फ 1 रुपए लेने का उनका अंदाज दिखाता है कि वे न सिर्फ एक बेहतरीन अभिनेता हैं, बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी हैं।

## खबर संक्षेप



### गुम हुए मोबाइल ढूंढकर मालिकों को लौटाए

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस की साइबर सुरक्षा शाखा ने सराहनीय कार्य करते हुए 6 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर लिया है। मंगलवार को एसपी सिद्धांत जैन ने अपने कार्यालय में असली मालिकों को यह मोबाइल फोन सौंप दिए। साइबर सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सतीश की टीम ने गुम हुए मोबाइलों की बरामदगी के लिए त्वरित और तकनीकी रूप से दक्ष कार्रवाई की। इस कार्रवाई में लाखों रुपये मूल्य के 6 स्मार्टफोन बरामद किए गए।

### बाइक चोरी के मामले में दो आरोपियों को दबोचा

**फतेहाबाद।** कैंची चौक स्थित हनुमान मंदिर के बाहर से हुई बाइक चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान लखवीर सिंह पुत्र माना और मनीराम उर्फ मानी पुत्र चरणा राम, निवासी सरदुलगढ़, के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 8 अप्रैल को राकेश नामक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था।

### संत कबीर दास जयंती समारोह को लेकर बैठक

**सिरसा।** संत कबीर दास जयंती के उपलक्ष्य में 11 जून को सिरसा में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन की अध्यक्षता में बैठक हुई। बता दें कि 11 जून को इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम के मुख्यअतिथि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे। बैठक में आयोजन संबंधी विभिन्न कार्यों पर चर्चा हुई और अलग-अलग विभागों के अधिकारियों को जिम्मेवारियां सौंपी गई है। अनाजमंडी स्थित मार्केट कमेटी कार्यालय में आयोजित हुई बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि समारोह में हजारों की संख्या में लोग हिस्सा लेंगे, इसमें पार्किंग, पेयजल व किसी अन्य प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### स्वास्थ्य विभाग ने लिए पानी के सैंपल पाए सही

**टोहाना।** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 26 मई को एसएमओ डॉ कुणाल वर्मा के निर्देशानुसार 14 जगहों से लिए पीने के सैंपल की लैब से रिपोर्ट आ चुकी है जोकि जांच में पूरी तरह से सही पाए गए है। मिली जानकारी अनुसार नागरिक अस्पताल के एसमएओ द्वारा स्वास्थ्य कार्यकर्ता विकास कुमार, रमेश कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने शहर के मुख्य जलघर, जलघर 2, पंजाबी बूस्टिंग स्टेशन, लक्कड़ मार्केट आदि जगहों पर पानी के सैंपल लिए थे।

### जीटीएम कॉलोनी में बनेगा श्री बालाजी मंदिर

**सिरसा।** श्री बाला जी धाम ट्रस्ट के तत्वावधान में रोहिणी एस्टेट, जीटीएम कॉलोनी में श्री बालाजी के पावन भव्य धाम का भूमिपूजन एवं निर्माण कार्य आगामी 5 जून से शुरू किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर मंगलवार को ट्रस्ट पदाधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में मंदिर निर्माण के लिए सदस्यों को दायित्व दिए गए। प्रधान कृष्ण गुंबर ने कहा कि बालाजी के श्रद्धालुओं के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण किया जाएगा।

### 9400 विद्यार्थियों को बांटी निःशुल्क स्टेशनरी

**सिरसा।** बाबा सरसाईनाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरदीप सैनी ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुस्सर में निःशुल्क स्टेशनरी वितरण समारोह के दौरान कहा कि ट्रस्ट ने अप्रेल महीने के दौरान 9400 विद्यार्थियों को निःशुल्क स्टेशनरी बांटी है। सैनी ने बताया कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खैरपुर, राजकीय वरिष्ठ विद्यालय कुस्सर, राजकीय प्राथमिक पाठशाला कुस्सर, राजकीय प्राथमिक पाठशाला खाजाखेड़ा में सभी विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की गई।

---

### रिटायर्ड कर्मचारी संगठन फतेहाबाद की मासिक बैठक आयोजित

# डीए और वेतन आयोग का लाभ न देने के फैसले का किया विरोध

**दी चेतावनी, रिटायर्ड कर्मचारियों के हितों के साथ कोई खिलवाड़ किया तो रिटायर्ड कर्मचारी संगठन चुप नहीं बैठेगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। रिटायर्ड कर्मचारी संगठन की मासिक बैठक में भाग लेते कर्मचारी।

रिटायर्ड कर्मचारी संगठन फतेहाबाद की मासिक बैठक पीडब्ल्यूडी रैस्ट हाऊस में हुई। बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों ने केन्द्र सरकार द्वारा फाइनेंस एक्ट 2025 पारित कर रिटायर्ड कर्मचारियों को महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी और 8वें वेतन आयोग का लाभ न दिए जाने के फैसले का कड़ा विरोध किया गया। संगठन ने सरकार से कर्मचारी विरोधी इस फैसले को तुरंत वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि अगर सरकार ने रिटायर्ड कर्मचारियों के हितों के साथ कोई खिलवाड़ किया तो रिटायर्ड कर्मचारी संगठन चुप नहीं बैठेगा और सड़कों पर उतरकर इसका जोरदार विरोध किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान मुंशीराम कम्बोज ने की व संचालन महासचिव सुभाष चन्द्र चौहान ने किया। बैठक में रिटायर्ड कर्मचारियों की मांगों को लेकर चर्चा की गई वहीं जिन रिटायर्ड कर्मचारियों जयप्रकाश का जन्मदिन भी मनाया गया। बैठक में पहली बार पहुंचे जिला लोक सम्पर्क अधिकारी आत्माराम का सदस्यों ने स्वागत किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला प्रधान मुंशीराम कम्बोज, महासचिव सुभाष चन्द्र चौहान व निहाल सिंह मताना ने केन्द्र सरकार द्वारा 8वें वेतन आयोग की सिफारिश के लाभ से 31 दिसम्बर 2025 तक पेंशन प्राप्त करने वाले कर्मचारियों को वंचित करने का फैसला लेकर इन कर्मचारियों के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि अपने जीवन को सरकारी सेवा में लगाने वाले इन कर्मचारियों को जब सामाजिक सुरक्षा की जरूरत पड़ी तो सरकार ने अपने कदम पीछे खींच लिए।

**प्रमुख मांगें**

रिटायर्ड कर्मचारी सरकार के इस फैसले का पुरजोर विरोध करते हैं और मांग करते हैं कि केन्द्र सरकार अपने इस फैसले को तुरंत वापस ले। इसके अलावा संगठन ने मांग की है कि रिटायर्ड कर्मचारियों के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू की जाए और इसका पोर्टल तुरंत खोला जाए। 18 महीने का डीए एरियर तुरंत जारी हो, फैमिली पेंशनर्ज को एलटीसी सुविधा दी जाए, कम्युटेशन की रिकवरी 15 वर्ष से घटाकर 12 वर्ष की जाए। इसके अलावा रेलवे में 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशनर्ज के लिए रेलवे में रियायती दर पर यात्रा सुविधा पुनः लागू करने, चिकित्सा भत्ता 3 हजार रुपये मासिक देने की मांग की गई। बैठक में पूर्व जिला लोक सम्पर्क अधिकारी आत्माराम, रामफल सिंह, सुखदेव सिंह एमसी, प्रेम चंद पीटीआई भूना, शीशपाल कानूनगो, मदन गोपाल नारंग, बलराज सिंह भूना, सुरजभान शीला, मा. सुभाष, बलवंत सिंह नोखवाल, अजीत सिंह, जरनैल सिंह, भूप सिंह, निर्मल सिंह, कैलाश चन्द्र, चन्द्रभान चोपड़ा, अजीत सिंह, रामस्वरूप, साधुराम, रणजीत सिंह सहित अनेक रिटायर्ड कर्मचारी मौजूद रहे।

---

*14वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन*

# पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल को समर्थकों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना



टोहाना। पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल की पुण्यतिथि पर मीठे पानी की छबील लगाते समर्थक। फोटो : हरिभूमि

शहर के रेलवे रोड स्थित बिश्नोई मंदिर के सामने बिश्नोई मंदिर सभा ने पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल की 14वीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान बलदेव सिंह लोहमरोड ने किया। सर्वप्रथम पूर्व मुख्यमंत्री की मूर्ति पर पुष्प अर्पण किया गया। इस अवसर पर मीठे पानी की छबील भी लगाई गई। प्रधान बलदेव सिंह ने कहा कि वर्तमान के युवा नेताओं को पूर्व मुख्यमंत्री के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भजनलाल ने सर्व समाज को साथ लेकर प्रदेश में विकास कार्य करवाए। इसी कारण आज भी प्रदेश की जनता उन्हें याद करती है। उन्होंने बताया कि पूर्व सीएम ने सभी 36 बिरादरियों को एक समान समझते हुए कार्यकाल पूर्ण किया। बिश्नोई समाज सदैव पूर्व सीएम के कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को याद करता रहेगा। उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार पूर्व सीएम के दिखाए रास्ते पर चलकर काम कर रही है। जो युवा राजनीति में भविष्य बनाना चाहते है उनके लिए पूर्व सीएम का जीवन मार्गदर्शक है।

## टोहाना में नील गाय की मौत हीट स्ट्रोक बताया जा रहा कारण

**टोहाना।** गांव सिम्बलवाला से पंजाब के रामपुरा रोड एक नीलगाय की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला सामने आया है। नीलगाय की मौत का कारण तेज धूप और तापमान के कारण हीट स्ट्रोक बताया जा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार उक्त नीलगाय गर्मी का शिकार होकर खेतों में गिर गई। खेत मालिकों ने जब देखा कि नीलगाय हिल भी नहीं पा रही तो उन्होंने उसे उठाने की भरपूर कोशिश की, लेकिन हालत बिगड़ती देख तुरंत नवजोत सिंह ढिल्लों की सहारा रेस्क्यू टीम को सूचित किया। टीम संयोजक नवजोत सिंह ढिल्लों मौके पर पहुंचे और तुरंत वन्यजीव विभाग व पशुपालन विभाग के अधिकारियों को मौके पर बुलाया। डॉक्टरों की टीम के पहुंचने पर जांच की गई तो पता चला कि नीलगाय का शरीर हाई डिग्री फॉरेनहाइट पर पहुंच चुका था, जो हीट स्ट्रोक की स्थिति को दर्शाता है। इस दौरान नीलगाय का तत्काल उपचार शुरू किया गया, लेकिन अत्यधिक गर्मी और शारीरिक थकावट के चलते कुछ घंटों में ही नीलगाय ने दम तोड़ दिया।



## ग्रीष्मकालीन कैंप में जैन स्कूल के विद्यार्थियों ने की भागीदारी

**सिरसा।** सेठ सागरमल सुराणा जैन कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारतीय भाषा ग्रीष्मकालीन उत्सव कैंप के तहत दूसरे दिन की एक्टिविटी के अंतर्गत विद्यार्थियों को चौधरी देवीलाल गौशाला का भ्रमण करवाया, जिसमें विद्यालय के सभी बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। गौशाला प्रांगण में गौ माता को हरा चारा, सवामणि व गुड़ खिलाकर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विद्यालय प्रधानाचार्या रेणूबाला ने कहा कि गौसेवा सबसे बड़ी सेवा है। विद्यालय प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष मक्खन लाल गोयल, प्रबंधक हनुमान मल गुजरानी, ट्रस्टी देवेंद्र डागा, सदस्य कुसुम लता ने गौमाता का आशीर्वाद लिया।

---

## मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शेरपुरा की लाइब्रेरी में मंगलवार को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल राजकुमार ने की। बाबा सरसाई नाथ बुक बैंक वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से कक्षा दसवीं के 9 और कक्षा 12वीं के मेरिट प्राप्त पांच बच्चों को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ट्रस्ट के अध्यक्ष गुरदीप सैनी व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मोजू खेड़ा के प्रधानाचार्य सौजन्य विमलेश ने विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरदीप सैनी ने कहा कि जितना हमारा समाज शिक्षित होगा, उतना हमारा देश विकसित होगा। इसलिए हमें समाज के गरीब को शिक्षित करने के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए, ताकि शिक्षा का उजाला समाज के आखिरी पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंच सके।

## ग्रीष्मकालीन रुचिकर कक्षाओं का शुभारंभ

- इस अवसर पर मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी कमलेश चाहर भी उपस्थित रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



सिरसा। ग्रीष्मकालीन रुचिकर कक्षाओं का शुभारंभ करते नगराधीश।

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा स्थानीय बाल भवन दो जून से एक जुलाई तक ग्रीष्मकालीन रुचिकर कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में बच्चों के लिए डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट, सेल्फ डिफेंस तथा सिलाई (स्टिचिंग) जैसी विभिन्न रचनात्मक और कौशल आधारित कक्षाएं चलाई जा रही हैं। मंगलवार को नगराधीश यश मलिक ने इन ग्रीष्मकालीन रूचिकर कक्षाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी कमलेश चाहर भी उपस्थित रहीं। नगराधीश यश मलिक ने कहा कि इस प्रकार के ग्रीष्मकालीन कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनकी छुट्टियों के दौरान रचनात्मक गतिविधियों से जोडकर समय का सार्थक सदुपयोग करने का अवसर देना है। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और उनमें आत्मविश्वास का विकास होता है। मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी कमलेश चाहर ने बताया कि विभिन्न कक्षाओं में बच्चों की उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिल रही है।

## स्व. बालू राम धारणिया की पुण्यतिथि पर लगाए पौधे

**भूना।** गांव धौलू के धारणिया परिवार ने स्वर्गीय बालू राम धारणिया की पुण्यतिथि पर पौधरोपण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में उनके पुत्र कृष्ण धारणिया, महेंद्र धारणिया, भतीजे राजेंद्र धारणिया, विजय धारणिया, सुनील धारणिया, राजू धारणिया मौजूद रहे। परिवार के अन्य सदस्य अमर सिंह धारणिया, ओमप्रकाश धारणिया, राहुल, मुकेश, सच्चू, नीतू, दीक्षा, अनु, बिमला, चमेली, सावित्री, सुरेखा, प्रोमिला भी शामिल हुए। परिवार के वरिष्ठ सदस्य और आदर्श भारतीय इंटरनेशनल स्कूल भूना के प्राचार्य कृष्ण धारणिया ने कहा कि आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग की बात कर रही है, लेकिन बिश्नोई समाज में श्री गुरु जंभेश्वर जी ने 550 साल पहले ही पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैला दी थी। उन्होंने बताया कि श्री जंभेश्वर भगवान की बताई राह पर चलते हुए बिश्नोई समाज के लोग आज भी पेड़-पौधों को लगाते हैं।



भूना। धौलू गांव में स्वर्गीय बालू राम धारणिया की पुण्यतिथि पर पौधारोपण करती महिलाएं।

---

# आईआईटी जेईई एडवांस में सूरज स्कूल ने किया शानदार प्रदर्शन

- विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को किया रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



आदित्य | अतुल | तेजल

गत दिवस जेईई एडवांस के परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए सूरज स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण कर अपने विद्यालय, क्षेत्र तथा माता-पिता के नाम को रोशन किया। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर आयोजित इस परीक्षा में छात्र अतुल पुत्र राजकुमार गुप्ता ने 2223वीं रैंक, तेजल पुत्री विजयचंद ने 2542वीं एवं आदित्य पुत्र जयपाल सिंह ने 2592वीं रैंक हासिल कर विद्यालय में क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अलावा आयुष तिवारी ने 2867वीं रैंक, कल्पना ने 3688वीं रैंक, करिश्मा ने 3747वीं रैंक, हिमांशी ने 3988वीं रैंक, तनुजपाल ने 4619वीं रैंक, इरफान ने 5117वीं रैंक, निखिल शर्मा ने 5269वीं रैंक, अभिनव कुमार ने 6816वीं रैंक, मानविक कुमार गुप्ता ने 9456वीं रैंक, निष्ठा ने 9695वीं रैंक सहित अन्य विद्यार्थियों कुणाल, अभिषेक, भविष्य, सोनाक्षी, कमल, समीक्षा, हर्षित, मनोज, सोनम चौहान, अजय कुमार, पवन शर्मा, विजयपाल, हरकेश, रीतु कुमारी, मोनिका आदि विद्यार्थियों ने भी अच्छे रैंक के साथ इस परीक्षा को उत्तीर्ण करने करने में सफलता प्राप्त की। निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया देश के प्रतिष्ठित आईआईटी संस्थानों में दाखिला प्राप्त कर इंजिनियरिंग की पढ़ाई करेंगे तथा तकनीकी क्षेत्र में देश को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान देंगे। उन्होंने बताया कि सूरज संस्थानों के विद्यार्थियों ने इस वर्ष घोषित हुए सीबीएसई बोर्ड सहित जेई मेन्स, सीए, नीट, आदि सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है।

## दिनचर्या में योग को करें शामिलः पूनिया

**सिरसा।** योगाचार्य डॉ. पवन पूनियां ने कहा कि योग से न केवल शरीर के अंगों, बल्कि मन, मस्तिष्क एवं आत्मा में भी संतुलन बनाया जा सकता है। यही कारण है कि योग से शारीरिक समस्याओं के अलावा मानसिक समस्याओं से भी निजात पाई जा सकती है। योग की इसी खूबी को जानते हुए दुनिया ने इसे अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बना लिया है। कोरोना के दौरान भी योग का प्रभाव दुनिया ने देखा है। उन्होंने कहा कि दुनिया ने रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने की दिशा में योग के महत्व को भी भली-भांति समझ लिया है। उन्होंने ग्रामीणों का आह्वान किया कि वे नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करें, इससे जहां वे अपने आप को तरोताजा महसूस कर पाएंगे, वहीं शारीरिक रोगों से भी छुटकारा मिलेगा।

## जिला जेल में लगाया शिविर, कैदियों ने किया योग



**सिरसा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जिला न्यायालय परिसर में योग शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि योग हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल हम बीमारियों से बच सकते हैं, बल्कि ऊर्जा एवं नई स्फूर्ति के साथ अपने कार्यों को भी बेहतर ढंग से कर सकते हैं। इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयुष विभाग एवं हरियाणा योग आयोग के सहयोग से जिला जेल में योग अभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर में करीब 900 कैदियों ने भाग लिया। इस शिविर का संचालन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. राजकुमार एवं जिला योग समन्वयक डॉ. सुरेंद्र ने कैदियों को योग करवाया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जसवंत सिंह एवं जेल स्टाफ ने भी योगाभ्यास कर लाभ प्राप्त किया।

---

**अभियान** — अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने मोबाइल वैन को दिखाई हरी झंडी

*12 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जागरूक किया जाएगा*

# गांव-गांव चलेगा अभियान, कानून संबंधी जानकारी के प्रति किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेश सिंघल ने मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वैन गांव-गांव जाकर आमजन को कानून संबंधी जानकारी व योजनाओं के प्रति जागरूक करेगी।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि यह अभियान पूरे जून माह में जिला सिरसा, डबवाली व ऐलनाबाद के विभिन्न गांवों में चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य विधिक सहायता को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि मोबाइल वैन को पैनल अधिवक्ता साधना मित्तल व पैरा लीगल वॉलंटियर सोनिया के साथ रवाना किया गया। वैन के माध्यम से 'न्याय सबके लिए' संदेश का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस अभियान के तहत आमजन को आगामी 12 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में भी जागरूक किया जाएगा। इसके अलावा कृषि, समाज कल्याण, श्रम कल्याण, चुनाव संबंधी योजनाएं तथा नालसा एवं हालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजन वालिया, सुमित गर्ग एवं नितिन किनरा, बार उपप्रधान अनुज गनेरीवाला, बार सचिव तथा अन्य अधिवक्ता भी इस मौके पर उपस्थित रहे।

## साप्ताहिक जांभाणी संस्कार शिविर शुरू



**सिरसा।** बिश्नोई सभा व जांभाणी साहित्य अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को समाज के छात्र-छात्राओं के लिए सात दिवसीय जांभाणी संस्कार शिविर का शुभारंभ प्रधान खेम चंद बैनीवाल ने किया। शिविर में किशोरावस्था आयु वर्ग के बच्चों ने भाग लिया। प्रचार सचिव डॉ. मनीराम सहारण ने पंथ का आधार 29 धर्म नियमों की दिनचर्या अनुसार व्यवहारिक रूप से चर्चा की तथा विद्यार्थियों को इनकी सख्ती से पालना करने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि गुरु जांभो द्वारा प्रदत ये नियम जीवां न जुगति व मुआं न मुक्ति उद्धेश्य के लिए आवश्यक हैं। वक्ता पृथ्वी सिंह धतरवाल ने बताया कि किस प्रकार जांभोजी ने सबदों के माध्यम से जीवन यापन करने का उत्तम मार्ग दिखाया।

## समर कैंप में भाषाओं की दी जानकारी

**सिरसा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जोधपुरिया मेंभारतीय भाषाओं पर आधारित सदैव सी समर कैंप का शुभारंभ हुआ। कैंप की विधिवत शुरुआत विद्यालय प्राचार्य मंजू कासनिया द्वारा की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को इस तरह के कैंप के महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

**NOTICE**

I, Gurcharan Singh S/o Salwant Singh R/o Hijarawan Khurd, District Fatehabad, Haryana declare that I have changed my name from Gurucharan Singh to Gurcharan Singh. I shall be known as Gurcharan Singh for all purposes in future.

## खबर संक्षेप

### कोर्ट परिसर से बाइक चुराने का आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** कोर्ट काम्पलैक्स से मोटरसाइकिल चोरी करने के मामले में कार्रवाई करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई बाइक भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान प्रमोद पुत्र सतपाल, निवासी ढिंगसरा के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी एसआई ओमप्रकाश ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बारे पुलिस ने 17 दिसंबर 2024 को नरेंद्र निवासी भिरड़ाना की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### पद्म पुरस्कारों के लिए आवेदन आमंत्रित

**फतेहाबाद।** गृह मंत्रालय की ओर से गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले पद्म पुरस्कारों नामतः पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्मश्री के लिए ऑनलाइन नामांकन करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई है। उपायुक्त मनदीप कौर ने इस बारे जानकारी देते हुए बताया कि नामांकन अथवा अनुशंसा केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन ही स्वीकार की जाएंगी।

### बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अपराधमुक्त अभियान के तहत टोहाना पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है। मेहता धर्मशाला क्षेत्र में हुई बाइक चोरी की वारदात के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान दीपू पुत्र श्याम लाल निवासी खटीक मोहल्ला, टोहाना के रूप में हुई है। थाना शहर टोहाना के प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद सिंह ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 7 अप्रैल को मृदुल नामक व्यक्ति की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने अपनी बाइक घर के बाहर खड़ी की थी, जो कुछ समय बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर तत्काल जांच प्रारंभ की।

### युवक पर हमले के आरोप में कई लोगों पर केस दर्ज

**सिरसा।** सिविल लाइन सिरसा पुलिस ने डिंग मंडी निवासी वासुदेव पुत्र गिरधारी लाल की शिकायत पर दर्जन के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। वासुदेव ने अपनी शिकायत में बताया कि वह टेलेंट लाइब्रेरी में परीक्षा की तैयारी कर रहा है। सोमवार दोपहर वह अपने दोस्तों मोहित पुत्र मुकेश व विनोद पुत्र सुभाष निवासी डिंग के साथ रेलवे पार्क से होकर रेलवे स्टेशन की ओर जा रहा था। उसके दोस्त लघु शंका के लिए शौचालय में चले गए और वह अकेला ही स्टेशन की ओर जा रहा था। तभी अनिल माचरा निवासी मेहूवाला, कपिल जांगड़ा निवासी मोचीवाला, संदीप निवासी भरोखां, राजेंद्र निवासी बनमंदोरी व 8-10 युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। वे हाथों में लाठी-डंडे लिए हुए थे। आरोपियों ने उस पर हमला कर दिया, पुलिस जांच कर रही है।

### अवैध शराब मामले में दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत फतेहाबाद पुलिस ने बीघड़ रोड, फतेहाबाद के पास अवैध देशी शराब के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान सिया राम पुत्र ओमप्रकाश निवासी धारणिया रोड, भाणा, जिला हिसार के रूप में हुई है। इसी मामले में फतेहाबाद पुलिस पहले ही अनूप पुत्र आत्मा राम निवासी आदमपुर, जिला हिसार को गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि सीआईए फतेहाबाद की पुलिस टीम अपराधियों की धरपकड़ के लिए गश्त पर थी। इस दौरान टीम को गुप्त सूचना मिली कि एक व्यक्ति न्यू सिविल अस्पताल, बीघड़ रोड के पास एक कार में अवैध देशी शराब के साथ खड़ा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया।

---

अपराधियों के खिलाफ पुलिस की जीरो टालरेंस नीति

# साइबर ठगों पर पुलिस का शिकंजा मई में 40 को काबू कर जेल भेजा

साइबर ठगों से 12.86 लाख नकदी और 44 गुम मोबाइल फोन हुए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद


एसपी सिद्धांत जैन

फतेहाबाद पुलिस ने साबित कर दिखाया है कि अपराधी कितने भी हाईटेक हो, कानून की पकड़ से बच नहीं सकते। मई माह में चलाए गए विशेष साइबर अभियान के तहत 40 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर 12 लाख 86 हजार 300 रुपये की नकदी, डिजिटल उपकरण, फर्जी दस्तावेज, तथा साइबर ठगी में प्रयुक्त तकनीकी उपकरण बरामद किए है। एसपी सिद्धांत जैन के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई के बाद इन सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है। इस दौरान पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण की मदद से 44 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत 16 लाख रुपये है। इन फोनों को उनके असली मालिकों को वापस सौंपते वक्त लोगों के चेहरों पर जो राहत और खुशी दिखी, वो फतेहाबाद पुलिस के लिए सबसे बड़ा सम्मान बन गई। एसपी जैन ने कहा कि हमारी कोशिश सिर्फ अपराध रोकने की नहीं, जनता की उम्मीदें लौटाने की भी है। जो खो गया है, वो वापस दिलाना भी हमारी जिम्मेदारी है। एसपी ने बताया कि अधिकतर आरोपी फर्जी कॉल, केवाईसी अपडेट, बैंक अधिकारी बनकर झांसा देना, लॉटरी और लिंक क्लिक कराकर रिमोट एक्सेस लेने जैसे हथकंडों से भोले-भाले नागरिकों को निशाना बना रहे थे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अब ठगों के लिए फतेहाबाद में कोई जगह नहीं। पुलिस हर साइबर चाल को पहचानती है और हर ठग को जेल तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। फतेहाबाद पुलिस जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत लगातार साइबर ठगों पर शिकंजा कस रही है। पुलिस अधीक्षक ने अपील करते हुए कहा कि किसी भी अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक, ओटीपी या बैंकिंग अपडेट पर विश्वास न करें।

### सवा पांच लाख की साइबर ठगी का आरोपी गिरफ्तार


**सिरसा।** साइबर थाना पुलिस ने जांच के दौरान 5 लाख 26 हजार रूपए की साइबर ठगी का एक आरोपी को जोतवाड़ा जयपुर, राजस्थान से काबू किया है। साइबर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र ने बताया कि सिरसा निवासी तविंद्र सिंह पुत्र त्रिलोक चंद ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 15 फरवरी 2024 को अज्ञात नंबरों से उसके व्हाट्सएप पर एक लिंक आया और जैसे ही लिंक पर क्लिक किया तो उसमें आईपीओ व शेयर मार्केट में निवेश कर कम समय में बड़ा मुनाफा कमाने का ऑफर दिया जा रहा था। पीड़ित व्यक्ति शेयर मार्केट में पैसे लगाकर बड़ा मुनाफा कमाने के झांसे में आकर आईपीओ खरीदने के लिए शेयर मार्केट में पैसे लगाने शुरू कर दिए। इस दौरान पीड़ित के अकाउंट में लगाए गए पैसे से चार गुना ज्यादा लाभ दिखाई देने लगा। उन्होंने बताया कि लाभ की स्थिति में पीड़ित ने और ज्यादा इनवेस्टमेंट करनी शुरू कर दी। कुछ समय बाद पीड़ित ने लाभ ज्यादा होने के चलते पैसे वापस निकालने के लिए लिंक पर क्लिक किया तो लिंक पूर्ण रूप से बंद हो चुका था। उन्होंने बताया कि जब तक पीड़ित को एहसास हुआ की तब तक वह 5 लाख 26 की राशि इन्वेस्टमेंट कर चुका था।

---

# धर्मपाल बुढलाडिया पांचवीं बार बने श्रीराम सेवा समिति के प्रधान

■ पिता व दादा भी रह चुके हैं प्रधान, बुढलाडिया परिवार की तीसरी पीढ़ी समाजसेवा में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** चुनाव अधिकारी को अपना नामांकन सौंपते धर्मपाल बुढलाडिया।

शहर की प्रसिद्ध सामाजिक संस्थाओं में से एक श्रीराम सेवा समिति के त्रिवार्षिक चुनाव में धर्मपाल बुढलाडिया को पांचवीं बार सर्वसम्मति से प्रधान चुन लिया गया है। इसके अलावा सचिव पद के लिए ज्ञानचंद मित्तल और कोषाध्यक्ष पद के लिए संजय गोयल भी सर्वसम्मति से चुने गए हैं वहीं उपप्रधान, सहसचिव और महाप्रबंधक पद के लिए दो-दो उम्मीदवार चुनाव मैदान में है। बता दें कि श्रीराम सेवा समिति की प्रबंधक कमेटी का चुनाव हर तीन साल बाद होता है।

इस बार चुनावी प्रक्रिया आज मंगलवार 3 जून को शुरू हुई थी। मंगलवार को चुनाव प्रक्रिया का पहला दिन था। चुनाव अधिकारी वेदपाल अहलावत ने बताया कि 3 जून को नामांकन भरने का अंतिम दिन था। प्रधान पद के लिए धर्मपाल बुढलाडिया, सचिव पद के लिए ज्ञानचंद मित्तल और कोषाध्यक्ष पद के ल ए संजय गोयल का एक-एक ही नामांकन आया, जिस कारण इन्हें सर्वसम्मति से चुना गया।

इसके अलावा उपप्रधान पद के लिए देवी दयाल बंसल और मुरारी लाल गोयल, सहसचिव के लिए सतपाल सिंगला और वीरेंद्र मित्तल तथा महाप्रबंधक के लिए दयानंद गर्ग व पूर्ण चंद सिंगला ने अपना नामांकन दाखिल किया। 4 जून को इन नामांकन पत्रों की छंटनी, 5 जून को नामांकन वापिस लिए जा सकेंगे।

त्रिवार्षिक चुनावों में उपप्रधान, सहसचिव व महाप्रबंधक पद पर अगर सहमति नहीं बनती है तो मैदान में बचे उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटित होंगे और 7 जून शनिवार को मतदान होगा।

---

### साधु से मारपीट के मामले में तीसरे आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** एक युवक को घर बुलाकर मारपीट करने के मामले में रतिया पुलिस तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान कुलदीप उर्फ कल्याण पुत्र बलबीर सिंह निवासी रतिया के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद जमानत पर रिहा कर दिया है। इसी मामले में पुलिस दो अन्य आरोपियों तरनवीर पुत्र करनैल सिंह निवासी अहरवां और बलकार सिंह पुत्र मुख्तयार सिंह निवासी वार्ड नं. 5 रतिया को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। थाना शहर रतिया प्रभारी एसआई रणजीत ने बताया कि 13 अप्रैल को रतिया निवासी काका सिंह उर्फ बाबा की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह बचपन से ही साधु हैं और घटना के दिन अपने घर पर थे। उसी दौरान टिब्बा कॉलोनी निवासी बलकार उनके पास आया और किसी जरूरी काम का बहाना बनाकर उन्हें अपने घर ले गया। वहां पहले से ही संजीव पुत्र बूटा सिंह निवासी भानी खेड़ा हाल निवासी ढाणी नहर रतिया व अन्य मौजूद थे।

---

# तंबाकू निषेध दिवस पर नागरिक अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन

■ तंबाकू उत्पादों से दूर रहने के लिए दिलवाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शपथ दिलवाते सुपरवाइजर गोपाल बंसल। फोटो :हरिभूमि

तंबाकू का सेवन मनुष्य के लिए घातक है इससे शरीर अनेक बीमारियों से ग्रसित हो जाता है प्रत्येक व्यक्ति को इसके सेवन से बचना चाहिए यह बात नोडल अधिकारी मेजर डॉ. शरद तुली ने कही।

वे नागरिक अस्पताल फतेहाबाद में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से दीमक धीरे-धीरे पेड़ को खोखला कर खत्म कर देती है, उसी प्रकार से तंबाकू भी मनुष्य के शरीर को धीरे-धीरे खोखला कर देती है इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को इससे बचना चाहिए। डॉ. जेपी शर्मा ने कहा कि युवा वर्ग युवावस्था में गलत संगत में पडक़र शोक-शोक में बुरी आदतों का शिकार हो जाता है और फिर धीरे-धीरे इसका आदी हो जाता है जिससे उसका भविष्य अंधकार में होता है और शरीर अनेक बीमारियों से ग्रसित हो जाता है। युवाओं को तंबाकू से बने उत्पाद बीड़ी सिगरेट जर्दा गुटखा इत्यादि से दूर रहना चाहिए और इनके सेवन से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि नशे के शिकार व्यक्ति को भी दृढ़ निश्चय लगन कर बुरी आदतों को छोड़ा जा सकता है। इस दौरान सुपरवाइजर गोपाल बंसल ने उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों को तंबाकू से दूर रहने के शपथ दिलवाई। इस मौके पर डॉ. भरत, नोडल अधिकारी डॉ. शरद तुली, डॉ. बुधराम, डॉ. जयप्रकाश, डॉ. राजीव तंवर, एसएनओ रामरति, विनोद कुमारी, आईसीएन सुमित्रा, सुपरवाइजर गोपाल बंसल, सत्या बिसला, कपिल छाबड़ा, एमपीएचडब्ल्यू सुशील, काउंसलर रमेश ढाका उपस्थित रहे।

---

# घग्घर के तटबंधों को नहीं किया मजबूत बाढ़ की संभावना से लोगों में भय: सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि हर साल बरसात में घग्घर नदी में बाढ़ का खतरा बना रहता है और कई बार भयावह हालात पैदा हुए है।

वर्ष 2023 में फतेहाबाद और सिरसा में घग्घर नदी में आई बाढ़ और रंगोई नाला के उफान से भारी तबाही हुई थी, हजारों हेक्टेयर फसल बर्बाद हो गई थी। सिंचाई विभाग अभी तक तटबंधों को मजबूत नहीं कर पाया है। सांसद सैलजा ने मंगलवार को जारी एक प्रैस बयान में कहा कि घग्गर नदी पंजाब सीमा से जाखल के पास हरियाणा में प्रवेश करती है। फतेहाबाद जिले में घग्गर नदी लगभग 84 किलोमीटर लंबी बहती है। सिरसा जिले में से गुजरने वाली घग्गर नदी की 90 किलोमीटर लंबाई है। इस नदी में बरसात के दिनों में जलस्तर बढ़ता है, कई बार बाढ़ से दोनों ही जिलों में हालात बिगड़ जाते है।



#### हर साल आता है बजट : सांसद

घग्घर नदी की सफाई और उसके तटबंधों की मजबूती के लिए हर साल की ओर से बजट आता है। विभाग की टीम घग्घर नदी क्षेत्र में तटबंधों का निरीक्षण करती है जहां पर उसके तटबंध कमजोर दिखाई देते है वहां पर मरम्मत कराई जाती है, नदी के अंदर साफ सफाई करवाई जाती है और यह कार्य मानसून से पूर्व करवाया जाता है पर अभी तक ऐसा कुछ किया गया है दिखाई नहीं दे रहा है, जबकि घग्घर नदी में पानी बढना शुरू हो गया है।

---

# किसानों ने फूंका पंजाब के मुख्यमंत्री का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय के बाहर प्रदर्शन करते किसान। फोटो :हरिभूमि

पंजाब के मानसा जिले में प्रदर्शन कर रहे करीब 300 किसानों को पिछले 10 दिनों से जेल में डालने के विरोध में किसानों ने मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ के बैनर तले लघु सचिवालय के बाहर धरना देकर रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने पंजाब के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और बाद में भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल का पुतला फूंककर रोष जताया। किसानों ने चेतावनी दी कि अगर पंजाब सरकार ने गिरफ्तार किसानों को जल्द रिहा नहीं किया तो आंदोलन को ओर तेज किया जाएगा। लघु सचिवालय के बाहर धरने को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन खेती बचाओ के जिला प्रधान मदन बिजारणिया, युवा जिला प्रधान संदीप गढ़वाल, महासचिव छेलूराम ढाका, उपाध्यक्ष राजेंद्र चहल, बेगराज फुलां, राम जाट, गुरतेज विर्क अग्रोहा आदि ने बताया कि पंजाब के बठिंडा जिले के मोड़ मंडी क्षेत्र के गांव खसोघाना में से गंदे नाले को निकालने के विरोध में वहां के किसानों ने रोष प्रदर्शन किया। किसानों पर बर्बरता दिखाते हुए वहां की पुलिस ने सरकार के इशारे पर 300 किसानों को जेल में डाल दिया। पिछले दस दिनों से ये किसान जेल में हैं। इसी कारण विरोध प्रदर्शन करके किसानों ने अपना रोष जताया है। यूनियन ने पंजाब सरकार से वहां गिरफ्तार किए गए किसानों को तत्काल रिहा करने की मांग की।

---

# कर्मचारियों ने फायर अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

■ अल्टीमेटम : 12 जून को पंचकूला में काले झंडे लेकर डायरेक्टर का करेंगे घेराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सिरसा


**सिरसा।** मांगों को लेकर फायर अधिकारी को ज्ञापन सौंपते कर्मचारी।

फायर कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मंगलवार को फायर अधिकारी को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन एवं निकाय मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। कर्मचारी यूनियन के नेताओं रोहताश मेहरिया, रामनिवास, अनिल आदि ने बताया कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की मांगों का समाधान काफी लम्बे समय से नहीं हो पा रहा है। अनेक बार संघ व सरकार के बीच वार्ता हुई है और वार्ताओं में सरकार ने अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की मांगे, 58 वर्ष की नौकरी की गारंटी देने, 5000 रुपये जोखिम भत्ता देने, 1327 पे रोल कर्मचारी व हकरन कर्मचारियों को फायर ऑपरेटर के सृजित पदों पर समायोजित करने, डीएमसी को पावर देने सहित अन्य मांगों को जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया था, लेकिन किसी भी मांग का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने बताया कि 7 अगस्त 2024 को तत्कालीन निकाय मंत्री सुभाष सुधा की अध्यक्षता में संघ व सरकार के बीच कर्मचारियों की मांगों के समाधान हेतु चंडीगढ़ में वार्ता हुई। वार्ता में कर्मचारियों की कई अहम मांगों पर फैसला हुआ। अभी तक न तो मानी गई मांगों के पत्र जारी हुए हैं और न ही मुख्यमंत्री के साथ बैठक हुई है। सरकार के इस रवैये से अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों में रोष है। रोष स्वरूप निर्णय लिया गया है कि तीन जून अग्निशमन केंद्रों पर प्रदर्शन कर फायर अधिकारियों के माध्यम से ज्ञापन देंगे।

---

# मलिक टोयोटा ने ऐलनाबाद में नए टी स्पर्श आउटलेट का किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| ऐलनाबाद


**ऐलनाबाद।** नए टी स्पर्श आउटलेट के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित मलिक टोयोटा के प्रबंध निदेशक अक्षय मलिक व अन्य। फोटो :हरिभूमि

मलिक टोयोटा ने अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए और अपने नेटवर्क को बढ़ाते हुए मंगलवार को ऐलनाबाद शहर में नए टी स्पर्श आउटलेट का उद्घाटन किया। यह आउटलेट सिरसा रोड पर स्थित है। इस नए शोरूम से ऐलनाबाद व आसपास के ग्राहकों को टोयोटा की बेहतरीन नई गाड़ियों की सेवाएं मिलेंगी। ग्राहकों को टोयोटा की गाड़ी बुक करवाने व टेस्ट ड्राइव लेने के लिए कहीं और नहीं जाना पड़ेगा। नए आउट्लेट के शुभारंभ के उपलक्ष्य पर मलिक टोयोटा के प्रबंध निदेशक अक्षय मलिक ने बताया कि टोयोटा एक विश्वशनीय ब्रांड है जो सदा अपने ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए तत्पर रहता है। टोयोटा ब्रांड की बढ़ती हुई लोकप्रियता व गाड़ियों की बढ़ती हुई डिमांड को ध्यान में रखते हुए इस नए आउटलेट का आज उद्घाटन किया गया है।

---

### आरटीआई कार्यकर्ता पर हमला करने के मामले में केस, फर्जीवाड़े को लेकर लगाई थी आरटीआई

**फतेहाबाद।** मनरेगा में हो रहे फर्जीवाड़े की पोल खोलने का प्रयास कर रहे गांव अयाल्की के एक आरटीआई कार्यकर्ता पर हमला करने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने घायल युवक की शिकायत पर उससे मारपीट करने व तोडफ़ोड़ करने के आरोप में एक महिला सहित तीन लोगों को नामजद करते हुए 23 लोगों पर केस दर्ज किया है। इन आरोपियों में गांव का सोनू, उसकी मां सुरेंद्र कौर, कुलबीर सिंह व 15-20 अन्य लोग शामिल है। गांव अयाल्की निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत की ओर से गांव में मनरेगा के तहत काम, गलियों के निर्माण, शेड निर्माण को लेकर उसने आरटीआई लगाई थी। इन कार्यों को कागजों में दिखा दिया गया है, लेकिन धरातल पर काम नहीं हुए हैं। पहले लगाई आरटीआई में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। अब दोबारा आरटीआई लगाई तो सरपंच प्रतिनिधि द्वारा उसे वापस लेने का दबाव बनाया गया। उसने बताया कि रविवार रात को 15-20 लोग जबरदस्ती उसके घर में घुस गए और उसके अलावा, उसकी मां, पिता व अन्य सदस्यों के साथ मारपीट रनी शुरू कर दी।

---

स्वच्छ भारत हरित भारत के तहत कर्मचारियों ने ली हरित प्रतिज्ञा

# पर्यावरण संरक्षण की रक्षा करने में सहयोग करें : मेजर शरद तुली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फतेहाबाद


**फतेहाबाद।** स्वच्छ भारत हरित भारत के तहत हरित प्रतिज्ञा लेते अस्पताल स्टाफ व नर्सिंग छात्राएं।

नागरिक अस्पताल में सभी अधिकारी व कर्मचारियों को आज मिलकर स्वच्छ भारत हरित भारत के तहत हरित प्रतिज्ञा दिलवाई गई। इसके तहत कर्मचारियों ने पृथ्वी और उसके पर्यावरण की रक्षा करने की पूरी कोशिश करने, संसाधनों की कम से कम बर्बादी करने, पुनः उपयोग होने वाली सामग्री का पुन प्रयोग करने, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने का निर्णय लिया है वहीं पर्यावरण संरक्षण के लिए विशेष ध्यान रखना साफ सफाई रखने, कचरा न फैलाने सहित ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाने और ऊर्जा व पानी का संरक्षण करने की शपथ ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डिप्टी सीएमओ मेजर डॉक्टर शरद तुली ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण बहुत ज्यादा जरूरी है और इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को इसमें सहयोग करना चाहिए। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिन, सालगिरह व अन्य खुशी के मौके पर ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाकर सेलिब्रेट करना चाहिए वही प्लास्टिक का प्रयोग न करने से भी हम पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत हरित भारत की मुहिम तभी सार्थक होगी जब प्रत्येक नागरिक में बढक़र भाग लेगा और सहयोग करेगा। इस दौरान डिप्टी सीएमओ डॉ. मेजर शरद तुली, एसएमओ डॉ. बुधराम, अतिरिक्त सीएमओ मेजर राजीव तंवर, ईएनटी सर्जन डॉ. जेपी शर्मा, सीनियर नर्सिंग अधिकारी रामरति, विनोद कुमारी, आईसीएन सुमित्रा रानी सहित अन्य मौजूद रहे।